# यूआईईटी के दो छात्रों का स्मार्ट सोलर हब हुआ लॉन्च

## चर्चा में क्यों?

25 जनवरी, 2023 को हरियाणा के मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव तथा सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के महानिदेशक डॉ. अमित अग्रवाल ने चंडीगढ़ स्थित पंजाब विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (यूआईईटी) के दो छात्रों इशांक बंसल और अर्जुन मित्तल द्वारा शुरू किये गए स्मार्ट सोलर हब स्टार्टअप को लॉन्च किया।

## प्रमुख बिंदु

- विदित है कि जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के महानिदेशक डॉ. अमित अग्रवाल ने सोलर एनर्जी के इनविनोवा नाम के इस स्टार्ट-अप को लॉन्च किया है।
- उन्होंने बताया कि स्टार्टअप के मामले में हरियाणा का देश में तीसरा स्थान है। 60 हज़ार नई स्टार्टअप कंपनियों में से पाँच हज़ार कंपनियाँ हरियाणा में हैं, जोकि 12 प्रतिशत हैं।
- डॉ. अग्रवाल ने बताया कि स्टार्टअप्स को बढ़ावा देने के लिये राज्य सरकार ने नई स्टार्टअप पॉलिसी बनाई है, जिसके तहत अलग-अलग प्रकार की छूट व रियायतें देकर प्रदेश में नए स्टार्टअप स्थापित करने को प्रोत्साहित किया जा रहा है।
- स्मार्ट सोलर हब नाम से शुरू किये गए स्टार्टअप इनविनोवा का उद्देश्य एक्सेसीबल एनर्जी और कनेक्टीविटी के साथ आउटडोर स्पेस में सार्वजनिक इंटरेक्शन को बढ़ाना है।
- इसके माध्यम से सार्वजनिक जीवन में टेक्नोलॉजी को लोकप्रिय बनाकर अर्बन लिविंग को किस प्रकार बेहतर बनाया जा सकता है, इस पर फोकस किया गया है। शहरों को ज़्यादा जीवंत, सस्टेनेबल और ज़्यादा संवेदनशील बनाने में भी यह टेक्नोलॉजी कारगर सिद्ध होगी।
- इस अवसर पर पंजाब यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार प्रो. वाई.पी वर्मा ने बताया कि यूआईईटी में कुल 8 स्टार्टअप चल रहे हैं, जिनके लिये विभाग जगह देता है और ज़रूरी उपकरण उपलब्ध कराता है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/smart-solar-hub-launched-by-two-uiet-students